दिन– शुक्रवार दिनांक– 07 ⁄ 02 ⁄ 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

बिहार के एनडीए सांसदों ने आज संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा, जदयू और लोजपा, आर के सांसदों ने श्री मोदी का अभिनंदन किया। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, राजीव रंजन सिंह और चिराग पासवान भी मौजूद थे। यह बैठक केंद्रीय बजट में बिहार के लिए की गई कई घोषणाओं की पृष्ठभूमि में हुई। मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार के सांसदों ने राज्य से संबंधित बजट घोषणाओं के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया।

——————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक ने लगभग पांच वर्ष बाद नीतिगत रेपो रेट में पच्चीस आधार अंकों की कमी की है और इसे साढ़े छह प्रतिशत से घटाकर सवा छह प्रतिशत कर दिया है। रेपो रेट वह ब्याज दर है जिस पर भारत में वाणिज्यिक बैंक, रिजर्व बैंक से धन उधार लेते हैं। केन्द्रीय बैंक के गर्वनर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति–एमपीसी की तीन दिन की बैठक के बाद आज मुम्बई में यह घोषणा की। इसके परिणामस्वरूप, स्थाई जमा सुविधा –एसडीएफ की दर छह प्रतिशत और मार्जिनल स्थायी सुविधा–एमएसएफ दर तथा बैंक दर साढ़े छह प्रतिशत रहेगी। रेपो रेट में कमी से होम लोन से लेकर कार लोन तक सस्ते होने की संभावना है।

——————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में जमुई जिले में लगभग आठ सौ नब्बे करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया और राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों तथा जीविका दीदियों के साथ संवाद किया।

——————————————————

जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत में आज होने वाली सुनवाई टल गयी है। मामले की अगली सुनवाई अब सत्रह फरवरी को

होगी। इस मामले में राजद अध्यक्ष और तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद समेत उनके परिवार के पांच सदस्य आरोपी हैं।

———————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने प्रयागराज महाकुंभ को भारत की अलौकिक, सार्वभौमिक और समावेशी संस्कृति का प्रतीक बताया है। प्रयागराज में संवाददाताओं से बातचीत में श्री खां ने कहा कि कुंभ मेले में विविधता के लिए सम्मान के साथ–साथ स्वीकार्यता भी है। उन्होंने महाकुंभ में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की भी सराहना की।

———————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्यासी कामेश्वर चौपाल का देर रात नई दिल्ली में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कामेश्वर चौपाल के निधन पर दुख जताया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वे एक समर्पित राम भक्त थे जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में बहुमूल्य योगदान दिया। श्री मोदी ने कहा कि वे दलित समुदाय से संबंद्ध थे और उन्हें समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के लिए काम करने के वास्ते हमेशा याद किया जाएगा। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने कामेश्वर चौपाल के निधन पर गहरा दुख जताया है।

———————————————————

तेज पछुआ हवा के प्रभाव से राज्य के औसत तापमान में कमी आई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। उसके बाद अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान तेरह दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।